मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 8 अंक 51
शनिवार, 30 अगस्त 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## घुसपैठियों से एक-एक इंच जमीन वापस लेंगे: अमित शाह

**असम, 29 अगस्त।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुवाहाटी के खानापाड़ा स्थित वेटरनरी कॉलेज फील्ड में एनडीए के एक विशाल पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए 2026 के असम विधानसभा चुनावों का बिगुल फूंका। कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि असम का नेतृत्व ऐसे नेता नहीं कर सकते जो ₹घुसपैठियों को बसाते हैं और बार-बार पाकिस्तान जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने विकास और रोजगार के अवसरों में वृद्धि के माध्यम से राज्य का कायाकल्प किया है।

अमित शाह ने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा ने असम में एक निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित किया, जिसके परिणामस्वरूप 5.18 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुए, जिनमें से 1.40 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएँ पहले ही जमीनी स्तर पर लागू हो चुकी हैं। एक समय था जब कांग्रेस ने असम को 'अलविदा' कह दिया था। आज मोदी जी और हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम एक विकसित राज्य में तब्दील हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और महापुरुष माधवदेव से जुड़े सत्रों से घुसपैठियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटा दिया है, जिससे सत्रों की पवित्रता बहाल हुई है।



उन्होंने हाल ही में हुए पंचायत चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन का भी मजाक उड़ाते हुए कहा, ₹भाजपा की जीत इतनी बड़ी थी कि आप दूरबीन से भी कांग्रेस को नहीं ढूंढ पाएँगे।₹ अमित शाह ने आगे कहा, ₹इन पंचायत चुनावों का बहुत महत्व है क्योंकि असम परिसीमन के बाद यह पहला चुनाव था। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने असम में पिछले पंचायत चुनावों में भारी जीत दर्ज की थी। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गौरव गोगोई पर निशाना साधते हुए, शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने घुसपैठियों द्वारा अतिक्रमण की गई लाखों एकड़ जमीन को मुक्त कराने का काम किया है। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि लेकिन गौरव गोगोई इसका विरोध कर रहे हैं। आज मैं कहना चाहता हूँ - गौरव जी, जितना विरोध करना है, कर लीजिए। यह भाजपा की सरकार है, और हम घुसपैठियों से एक-एक इंच जमीन वापस लेंगे, क्योंकि यह जमीन हमारे युवाओं की है।

असम का नेतृत्व ऐसा नेता नहीं कर सकता जो घुसपैठियों को बसाता हो और बार-बार पाकिस्तान जाता हो। असम का नेतृत्व केवल मोदी जी और हिमंत बिस्वा शर्मा ही कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने एनडीए के पंचायत प्रतिनिधियों और भाजपा-अगप पार्टी कार्यकर्ताओं से असम में आगामी 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए तैयार रहने और राज्य में एनडीए की लगातार तीसरी बार जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा पर भड़के असदुद्दीन ओवैसी

**हैदराबाद, 29 अगस्त।** बिहार के दरभंगा में भारतीय जनता पार्टी की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के एक वायरल वीडियो पर बढ़ते राजनीतिक हंगामे के बीच, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के लिए कथित तौर पर की गई अभद्र भाषा से खुद को अलग कर लिया। ओवैसी ने लोकतंत्र में आलोचना के महत्व पर जोर देते हुए, मयार्दा की सीमा लांघने के खिलाफ चेतावनी दी।



असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जितना चाहें विरोध करें, आलोचना करें, निंदा करें। लेकिन अगर आप शालीनता की सीमा लांघते हैं, तो यह गलत है। बहस अश्लील हो जाएगी। प्रधानमंत्री की आलोचना करें, लेकिन अभद्र भाषा का इस्तेमाल न करें। दरभंगा में इंडिया ब्लॉक के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी वाले एक वायरल वीडियो पर ओवैसी ने कहा कि शालीन शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आप बोलें, विरोध करें और आलोचना करें, जितनी चाहें निंदा करें, लेकिन अगर आप शालीनता की सीमा पार करते हैं, तो यह गलत है और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। चाहे वह किसी के बारे में भी हो। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री की आलोचना करें, लेकिन एक बात याद रखें कि अगर आप सीमा पार कर रहे हैं, तो यह सही नहीं है। तब हमारी बहस का विषय गलत और अश्लील होगा। अगर कोई और ऐसा कर रहा है, तो हमें उनकी नकल करने की जरूरत नहीं है। इस विवाद पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। गुवाहाटी में एक रैली को संबोधित करते हुए, शाह ने मांग की कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत मां से माफी मांगें। शाह ने सोनिया गांधी, मणिशंकर अय्यर, जयराम रमेश और रेणुका चौधरी जैसे कांग्रेस नेताओं की पिछली टिप्पणियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि यह अपमान का पहला मामला नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि जब से मोदी जी मुख्यमंत्री बने हैं।

## कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं, गालीकांड से: सचिन पायलट

**जयपुर, 29 अगस्त।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को बिहार के दरभंगा में विपक्ष की 'मतदाता अधिकार यात्रा' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर कथित रूप से की गई गालियों की कड़ी निंदा की। पायलट ने आगे कहा कि इस घटना का कांग्रेस पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि उनकी मतदाता अधिकार यात्रा पहले ही आगे बढ़ चुकी है। एएनआई से बात करते हुए, कांग्रेस नेता ने कहा, ₹मैं इसकी निंदा करता हूँ। कांग्रेस पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है, हमारी यात्रा पहले ही आगे बढ़ चुकी है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सभ्य और सौम्य राजनीति में ऐसे शब्दों के लिए कोई जगह नहीं है। हमारी पार्टी महात्मा गांधी की पार्टी है,



और हमने आज तक ऐसे किसी भी बयान का समर्थन नहीं किया है और न ही भविष्य में करेंगे। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस बात की जाँच होनी चाहिए कि यह बयान किसने दिया या यह किसका बयान है। कांग्रेस का कोई भी व्यक्ति नहीं चाहेगा कि प्रधानमंत्री या उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक शब्द बोले जाएँ। यह कांग्रेस की संस्कृति नहीं है... कार्रवाई करें।

हालाँकि, इस घटना ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है और भाजपा तथा एनडीए नेताओं ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियाँ खराब परवरिश और धरती माता, भारत माता या माँ शब्द के प्रति अनादर को दशार्ती हैं। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि विपक्षी नेताओं का यह व्यवहार बेहद शर्मनाक है। सीता माँ की धरती पर किसी भी माँ का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। देश के प्रधानमंत्री की माँ के बारे में बुरा-भला कहने जैसी घटिया सोच और घटिया राजनीति को देश की जनता नकारती है।

## महाकाल मंदिर के पास अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर, भारी पुलिस बल तैनात

**उज्जैन, 29 अगस्त।** मध्य प्रदेश के उज्जैन विकास प्राधिकरण ने महाकाल मंदिर के पास स्थित एक अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल और नगर निगम के कर्मचारी भी मौजूद थे। थाना प्रभारी गगन बादल ने कहा कि उज्जैन में थाना मालाकाल क्षेत्र के अंतर्गत बेगमबाग क्षेत्र है, जहां उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा मकान तोड़े जा रहे हैं। वहां पुलिस बल भी तैनात है। करीब 50 पुलिस अधिकारी वहां तैनात हैं।

उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ ने कहा कि यह भूखंड उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित आवासीय योजना का हिस्सा है। सामने वाली सड़क पर सभी पट्टे शुरू में आवासीय



उपयोग के लिए थे, लेकिन इसके बजाय, लोगों ने उनका उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया, जो नियमों के विरुद्ध है। लगभग एक साल पहले, उज्जैन विकास प्राधिकरण ने पट्टे समाप्त कर दिए, जिसके बाद संरचनाएं अवैध निर्माण बन गईं। बाद में, कानूनी आदेश जारी किए गए। आज, मकान नंबर 19, जो दो खंडों में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाता था, को ध्वस्त किया जा रहा है।

नगर निगम के उपायुक्त संतोष टैगोर ने कहा कि हमें यूडीए द्वारा मशीनरी और सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था, जिसे हमने तैनात कर दिया है, जिसमें 2 जेसीबी, 2 पोकलेन और एक डम्पर शामिल हैं। हमारे लगभग 60-70 कर्मचारी वर्तमान में यहाँ काम कर रहे हैं। हम यहाँ हो रहे काम में सहयोग कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में शिप्रा नदी के तट पर स्थित रामघाट मंदिर लगातार हो रही बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने से जलमग्न हो गए।

नदी का जलस्तर बढ़ने का यह संयोग हिंदू धार्मिक पर्व ऋषि पंचमी के अवसर पर हुआ, जिस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए उमड़े। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी, जिसके चलते घाटों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई।

राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के जवान देवेंद्र सिंह ने एएनआई को बताया कि भारी बारिश के कारण आज शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी पर बने छोटे पुल पर जलस्तर लगभग 2-3 फीट है। ऋषि पंचमी के कारण आज श्रद्धालुओं की भीड़ भी है। हम श्रद्धालुओं से अनुरोध कर रहे हैं कि वे गहराई में न जाएँ और किनारे पर बैठकर ही स्नान करें क्योंकि जलस्तर काफी ऊँचा है।

## पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर पटना में बवाल, भाजपा और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच झड़प

**पटना, 29 अगस्त।** दरभंगा में इंडिया ब्लॉक की एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को बिहार के पटना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई। पटना स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने भाजपा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर पथराव किया गया। बिहार के मंत्री और भाजपा नेता नितिन नवीन ने कहा कि जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

बिहार का हर बेटा एक माँ के अपमान के लिए कांग्रेस को करारा जवाब देगा। हम इसका



बदला लेंगे। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता आशुतोष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना करते हुए दावा किया कि यह झड़प सरकार की मिलीभगत से हुई है। आशुतोष ने कहा कि करारा जवाब दिया जाएगा। यह सरकार की मिलीभगत से हो रहा है। नीतीश कुमार गलत कर रहे हैं। पटना में भाजपा और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच हुई झड़प पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि बस यही बचा है इनका (भाजपा का) काम। सरकार में रहते हुए ये इस तरह के प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी लड़ाई मतदाताओं के लिए है। हम किसी भी सूरत में यह स्वीकार नहीं करेंगे कि गुजरात से लाकर यहां मतदाताओं का पंजीकरण किया जा रहा है और बिहार के मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। चुनाव आयोग और सरकार पक्षपातपूर्ण तरीके से काम कर रही है। यह घटना इंटरनेट पर एक कथित वीडियो के बाद हुई है जिसमें आरोपी को इंडिया ब्लॉक के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए दिखाया गया है। इस वीडियो को लेकर मचे राजनीतिक विवाद के बीच, भाजपा नेताओं ने कथित अपमानजनक भाषा के लिए विपक्ष की 'मतदाता अधिकार यात्रा' की आलोचना की है।




### वैष्णो देवी यात्रा लगातार चौथे दिन भी स्थगित

**कटरा।** कटरा में श्री माता वैष्णो देवी यात्रा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी स्थगित रही, क्योंकि भारी बारिश के कारण क्षेत्र में कई जगह भूस्खलन हुआ। इस व्यवधान के कारण कई श्रद्धालु फँस गए और कई को बिना दर्शन किए ही लौटना पड़ा। प्रभावित लोगों में से, श्रद्धालुओं ने अपना दुख व्यक्त किया और घायलों व मृतकों के लिए प्रार्थना की। एएनआई से बात करते हुए, सुशील सिंह नाम के एक श्रद्धालु ने कहा कि हम लगभग 18-20 लोग वैष्णो देवी यात्रा में भाग लेने के लिए यहाँ आते हैं। हम हर साल ऐसा करते हैं।



# पालकमंत्री गणेश नाईक ने रमाबाई अपार्टमेंट दुर्घटना पीड़ितों से की मुलाकात

**पालघर (उत्तरशक्ति)।** वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र के नारंगी इलाके में रमाबाई अपार्टमेंट का हिस्सा ढहने से हुई भीषण दुर्घटना में मृतकों के परिवारों को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वहीं, पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार गंभीर प्रयास करेगी, ऐसा आश्वासन पालघर जिले के पालकमंत्री तथा राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक ने दिया।

पालकमंत्री नाईक ने इस हादसे के बाद वसई-विरार महापालिका मुख्यालय में प्रशासनिक बैठकीतून पुनर्वसन व मदत उपायों की समीक्षा की। इस दौरान सांसद डॉ. हेमंत सवरा, विधायक स्नेहा दुबे पंडित, विधायक राजन नाईक, जिलाधिकारी डॉ. इंदुराणी जाखड, महापालिका आयुक्त मनोज सूर्यवंशी तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दुर्घटना में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि घायल लोगों का इलाज तेजी से चल रहा है। पालकमंत्री नाईक ने विश्वास जताया कि सभी घायल जल्द स्वस्थ होंगे। उन्होंने कहा कि वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र में करीब 140 इमारतें धोकादायक श्रेणी में आ चुकी हैं। इन इमारतों से परिवारों को

### पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार करेगी हर संभव प्रयास: गणेश नाईक



सुरक्षित स्थान पर स्थलांतरित करने के लिए म्हाडा के माध्यम से घर उपलब्ध कराने तथा बैंकों से कर्ज सहायता देने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, आगे किसी भी तरह का अनधिकृत निर्माण न हो, इसके लिए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुरानी अवैध इमारतों पर भी कानूनन कार्रवाई होगी। पालकमंत्री गणेश नाईक ने दुर्घटना की जानकारी मिलते ही तात्काल कार्यवाही करने वाले महसूल विभाग, वसई-विरार महापालिका प्रशासन, एनडीआरएफ, पुलिस व आरोग्य विभाग की सराहना की। इसके बाद उन्होंने विरार पश्चिम स्थित प्रकृती अस्पताल जाकर दुर्घटना में घायल लोगों से मुलाकात की तथा उनका हालचाल जाना।

## भिवंडी में 3744 घरों से डेढ़ दिन के गणपति बप्पा का किया गया विसर्जन, 185 प्रतिमाएँ कृत्रिम तालाबों में विसर्जन



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी में बुधवार को बड़े उत्साह और धार्मिक पूजा-अर्चना के साथ आराध्य देव गणपति बप्पा की स्थापना के बाद गुरुवार को शहर के विभिन्न विसर्जन घाटों से भक्तिमय माहौल में डेढ़ दिन के गणपति बप्पा को दी गई विदाई। बतादें कि जोरदार हो रही बरसात के माहौल में गणेश भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ गणपति बप्पा को 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के नारों के साथ नम आखों विदाई दी। भिवंडी शहर के विभिन्न घाटो में शेलार घाट,लोकमान्य तिलक घाट,चाविन्द्रा घाट, वामन गुलवी घाट, फेणा घाट, ताडाली घाट, वडालदेवी घाट, काटेकर मैदान घाट, नारपोली तलाव घाट, नारपोली कृतिम घाट, बाबू पाटिल चौक कृतिम तलाव, शिवाजी चौक कृतिम तलाव आदि 16 विसर्जन घाटों पर देर रात तक कुल 3744 घरों की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जिसमें से 185 प्रतिमाओं को गणेश भक्तों ने कृत्रिम तालाबों में गणपति बप्पा का विसर्जन किया।

## गणपति बप्पा की भक्ति और आराधना में डूबा राजस्थान का तनवर परिवार



**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** राजस्थान के जयपुर से आया तनवर परिवार वर्ष 2008 से लगातार अपने घर पर बप्पा की मूर्ति स्थापित करता आ रहा है। पूरा परिवार बप्पा की भक्ति में डूबा नजर आ रहा है। भायंदर पूर्व के राहुल पार्क स्थित कृष्ण लीला में रहने वाला यह परिवार पिछले तीन दिनों से बप्पा की पूजा, अर्चना और आरती में लगा हुआ है। देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन में परचेज हेड पद पर काम करनेवाले जितेंदर तनवर के अनुसार बप्पा सबकी सुनते हैं। सच्चे मन से उनकी आराधना करने वाला सुख समृद्धि यश और कीर्ति को प्राप्त करता है। जितेंदर के अलावा उनकी मां सीमा तनवर, पिता सुमेर सिंह तनवर, पत्नी वैशाली, पुत्री निवेदिता तथा पुत्र हयांश भी बप्पा की समर्पित भावना के साथ बप्पा की आराधना में लगे हुए हैं।

## समाजसेवी के के मिश्रा बच्चन के घर बप्पा का दर्शन करने पहुंचे प्रेम चंद मिश्रा



**मुंबई (उत्तर शक्ति)।** महाराष्ट्र में गणेशोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। मराठी समाज के साथ उत्तर भारतीय समाज के बीच भी गणेशोत्सव त्योहार को लेकर जोश और उत्साह दिखाई दे रहा है। मुंबई में ही लाखों लोग अपने घर में बप्पा की स्थापना की है। ढेर दिन से लेकर सात दिनों तक स्थापित बप्पा के दर्शन करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। वडाला पश्चिम स्थित समाजसेवी व उद्योगपति के के मिश्रा बच्चन के आवास पर गणपति बप्पा की स्थापना की गई है। दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा ने उनके आवास पर पहुंच कर दर्शन किए तथा देशवासियों के लिए अमन चैन की प्रार्थना की। उस पर डेंटल सर्जन डॉ सागर मिश्रा, पत्रकार राहुल तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बाल सुधार गृह से छह नाबालिक लड़कियां फरार, दो लड़कियों को पुलिस ने खोज निकाला

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर कैंप नंबर 5 स्थित महिला बालसुधारगृह से गुरुवार की दोपहर में छह नाबालिक लड़कियां फरार हो गईं। घटना से शहर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही हिल लाइन पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप शिवले के नेतृत्व में त्वरित अभियान चलाया और दो लड़कियों को बरामद किया। पूछताछ में उन्होंने कहा कि हमें यहां रहना नहीं था, इसलिए हम भाग गए। अनाथ और जरूरतमंद बच्चियों के लिए बने इस सुधारगृह से चार लड़कियां अब भी लापता हैं। परिमंडल-4 के डीसीपी सचिन गोरे ने घटना की पुष्टि की है, जबकि एसीपी शैलेश काले के मार्गदर्शन में पुलिस सीसीटीवी की मदद से गायब हुई 4 लड़कियों की तलाश कर रही है। इस प्रकरण ने सुधारगृह की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## टाटा डिजिटल ओएनडीसी नेटवर्क पर सभी के लिए ऋण सुलभ बनाने में अग्रणी

**मुंबई/पटना।** टाटा डिजिटल ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) को शीघ्र और प्रभावी रूप से अपनाकर भारत में ऋण की पहुंच का तेजी से विस्तार कर रही है। ओएनडीसी पर वित्तीय सेवाओं के लिहाज से अग्रणी और सबसे बड़े खरीदार (बायर) प्लेटफॉर्म में से एक के रूप में, टाटा डिजिटल ने पिछले 3 महीनों में व्यक्तिगत ऋण के लिए 10 लाख से ज्यादा आवेदन करना सुगम बनाकर कर ओएनडीसी नेटवर्क पर आवेदनों, उपयोगकर्ताओं और वितरण की मात्रा में सबसे अधिक योगदान किया। यह उल्लेखनीय शुरूआती प्रगति टाटा डिजिटल के विस्तार, उपभोक्ताओं के बीच विश्वसनीयता और व्यापक पहुंच का परिणाम है, साथ ही यह डिजिटल सेवाओं के लिए एक खुला, अंतर-परिचालनीय और समावेशी ढांचा तैयार करने के ओएनडीसी के मूल दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह प्रयास टाटा डिजिटल के मजबूत ऋण बाजार पर आधारित है, जो टाटा न्यू पर होस्ट किया गया है और इसमें अब 14 ऋणदाता भागीदार शामिल हैं।

## गणपति बप्पा की भक्ति में डूबा रहा ज्ञान प्रकाश सिंह का परिवार



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** गणपति बप्पा की भक्ति में अटूट श्रद्धा रखने वाले प्रख्यात समाजसेवी तथा उद्योगपति ज्ञान प्रकाश सिंह ने इस वर्ष भी गोरेगांव पूर्व के ओबेरॉय टॉवर्स स्थित अपने आवास पर डेढ़ दिनों तक बप्पा की स्थापना की। डेढ़ दिनों तक उनका पूरा परिवार भक्ति भावना में डूबा रहा। सुबह शाम आरती के साथ पूजा अर्चना होती रही। इसी बीच अनेक गणमान्य लोगों का आवागमन भी जारी रहा। ज्ञान प्रकाश सिंह के अलावा उनकी धर्मपत्नी रीना सिंह,उनके दोनों पुत्र अमित कुमार सिंह और सुमित कुमार सिंह, दोनों पुत्रवधू दीप्ति और श्वेता भी आने वाली गणेश भक्तों का स्वागत और सम्मान करते रहे। अंत में पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ बप्पा का शानदार तरीके से विसर्जन किया गया।

## स्थानीय अपराध शाखा पालघर की बड़ी कार्रवाई, लाखों रुपए कीमत के गुटखे के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** गणेश उत्सव को ध्यान में रखते हुए अवैध धंधों पर अंकुश लगाने के लिए पालघर पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख ने जिले के सभी पुलिस थानों और स्थानीय अपराध शाखा को कड़े निर्देश जारी किए थे। इसी के तहत गुरुवार, 28 अगस्त 2025 को पालघर स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से महाराष्ट्र में तस्करी होकर आ रहे गुटखे की खेप पकड़ते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुजरात से मुंबई की ओर गुटखे की अवैध खेप लाई जा रही है। मिली सूचना के आधार पर तलासरी पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर हिमाचल पंजाब



ढाबे के समीप पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की गई। इसी दौरान एक आयसर टेम्पो (क्रमांक डीडी03 आर 9277) को रोका गया। तलाशी लेने पर उसमें महाराष्ट्र में बिक्री के लिए प्रतिबंधित गुटखा और तंबाकूजन्य उत्पाद बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत 6,06,100 रुपये आंकी गई। टेम्पो सहित कुल जब्त माल की कीमत 16,06,100 रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान मोहम्मद अरबाज जमीरउल हक (22 वर्ष, चालक, निवासी प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश), दिलशाद शमशाद अली (20 वर्ष, चालक, निवासी प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश), नेनाराम छबुजी गुजर (48 वर्ष, व्यापारी, निवासी राजसमंद, राजस्थान) के तौर पर बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ तलासरी पुलिस थाने में गु.र. नं. 186/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 123, 223, 274, 275 सहित खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की संबंधित विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच पो.उप.नि. जितेंद्र कांबले द्वारा की जा रही है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख तथा अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा पालघर के पुलिस निरीक्षक प्रदीप पाटील, पो.उप.नि. स्वप्नील सावंत देसाई, पुलिस हवलदार भगवान आव्हाड, पुलिस अमलदार बजरंग अमनवाड, नरेश घाटाल व विशाल कडव की टीम द्वारा सफलता पूर्वक की गई।

## घाटकोपर के जय संतोषी माता विकास मंडल की ओर से आयोजित गणेशोत्सव में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** घाटकोपर पश्चिम के जय संतोषी माता विकास मंडळ का ₹गोळीबार का राजा₹ इस वर्ष अपने 45 वें वर्ष का उत्सव मना रहा है। इस वर्ष मंडळ द्वारा सिंहासन पर विराजमान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित की गई है, जिसे स्वर्ण अलंकारों से सजाया गया है। इन अलंकारों को मंडळ के कार्यकताओं ने स्वयं मूर्ती पर मणि रूप में जड़ने का कार्य किया है। यहां श्री गणेश जी के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ रही है।

बता दें कि मंडळ के संस्थापक स्वर्गीय कृष्णा कळंबे हैं।

जबकि मुख्य मार्गदर्शकः सुभाष पवार,अध्यक्षः राजा पवार

पूर्व अध्यक्ष व सलाहकारः



गणपत मालुसरे, प्रदीप पवार, सुभाष ना. पवार, शंकर रिंगे, राजू पेडणेकर, दीपक जाधव

उपाध्यक्षः सखाराम गोगावले

सचिवः संदेश मोरे उप सचिवः दत्ताराम बांदल कोषाध्यक्षः भावेश कदम उप कोषाध्यक्षः राहुल भगत लेखा परीक्षकः शेखर जाधव सदस्यः राजेंद्र मोरे, बळीराम मोरे, मयूर कोचळे, राजू खातू, सुरेश उलालकर, लक्ष्मण कळंबे, प्रशांत जगताप प्रसार प्रमुखः निलेश मोरे हैं।

## ढाई दिन के लिए स्थापित गणपति बप्पा को दी गई भावपूर्ण विदाई

**पालघर(उत्तरशक्ति/ अजीत सिंह)।** जिले के बोईसर शहर में गणेशोत्सव का आयोजन विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ किया गया है। शहर के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता मायाराम गुप्ता के ठाकुर ग्लैक्सी, बिल्डिंग नं. 3 डी स्थित निवास स्थान पर बुधवार, 27 अगस्त 2025 को विधिवत पूजा-अर्चना के बीच गणपति बप्पा का आगमन हुआ। स्थापना के बाद ढाई दिन तक घर और आसपास का वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुबह-शाम आरती, भक्ति गीत, प्रसाद वितरण और पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। भक्तों ने उत्साहपूर्वक बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और परिवार सहित धार्मिक अनुष्ठानों में भाग



लिया। शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 को आचार्य अभिषेक जी महाराज की उपस्थिति में सत्यनारायण कथा, हवन और विशेष पूजा-अर्चना सम्पन्न हुई। इसके बाद पारंपरिक ढोल-ताशों की गूंज और गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ₹ के जयकारों के बीच गणपति बप्पा को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई के क्षणों में श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई और वातावरण भावुक हो उठा। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने मिलकर गणपति बप्पा से बोईसर शहर व पालघर जिले की शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे की कामना की।

## ऑनलाइन ओपीडी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का विरोध, बुजुर्ग मरीजों को हो रही है परेशानी

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अस्पतालों में शुरू की गई ऑनलाइन ओपीडी केस पेपर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया इस समय विवादों के घेरे में आ गई है। मरीजों और उनके परिजनों द्वारा इस नई प्रणाली का तीव्र विरोध किया जा रहा है।

बुजुर्ग मरीजों को मोबाइल का उपयोग करना नहीं आता या उनके पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं है, जिससे उनके लिए यह ऑनलाइन टोकन प्रणाली एक बड़ी समस्या बन गई है। पिछले 2-3 दिनों से मरीजों की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। टोकन मिलने के बाद भी इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, ऐसी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. योगेश भालेराव ने दी।

इस समस्या के समाधान हेतु क्रांतिवीर महात्मा फुले अस्पताल के अधीक्षक डॉ. जितेंद्र जाधव से चर्चा की गई। डॉ. जाधव ने बताया कि यह




प्रक्रिया सभी के लिए नई है, इसलिए प्रारंभ में कुछ परेशानियां हो सकती हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह व्यवस्था सुचारु रूप से चलने लगेगी, ऐसा आश्वासन उन्होंने दिया। इस मुद्दे पर आयोजित बैठक में नागरिकों ने इस प्रक्रिया को तत्काल बंद करने की मांग की। बैठक का आयोजन स्थानीय पूर्व नगरसेवक उपेंद्र सावंत की अध्यक्षता में किया गया। सावंत ने कहा कि कल से यह ऑनलाइन प्रक्रिया बंद होनी चाहिए, इसके लिए वे मनपा आयुक्त से पत्रव्यवहार करने वाले हैं। इस बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता रमेश मोहिते भी उपस्थित थे। प्रशासन और मरीजों के बीच समन्वय बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को जिम्मेदारी से सहयोग करना चाहिए, ऐसा आवाहन डॉ. योगेश भालेराव ने इस अवसर पर किया।

## कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. हार्डीकर याद किये गये




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर के 50वीं पुण्यतिथि पर एक स्मरण सभा का आयोजन राकेश शेट्टी (कार्याध्यक्ष-महाराष्ट्र कांग्रेस सेवादल) की अध्यक्षता में जी एस शेट्टी हॉल, मुलुंड प. पर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में कमला प्रसाद यादव (मा.अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस सेवादल), डॉ. बाबूलाल सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता ), उत्तम गीते (कार्याध्यक्ष ई.मु. जिला कांग्रेस), भरत सोनी(प्रवक्ता मुंबई कांग्रेस),जयश्री रणदिवे (अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस महिला सेवादल) उपस्थित रहे। आयोजन रमेश विश्वकर्मा (अध्यक्ष-ई. मु. कांग्रेस सेवादल), संतोष सिंह-(अध्यक्ष मुलुंड कॉग्रेस सेवादल) द्वारा आयोजित किया गया। संचालन भगवान किशोर तिवारी ने किया। इस अवसर पर कॉग्रेस नेता राजेंद्र उठवाल, संजय घरत, विमल खोना, डॉ. सचिन सिंह,हेमकिरण जंगम,संतोष सोनावने, अतुल जोशी,अमरनाथ कागड़ा (अध्यक्ष भांडुप सेवादल) निक्सन,एड.शरीफ खान, अब्दुल जब्बार,अश्विनी पोचे,बाबू चौधरी राजेंद्र रावत,पी. पी.पाण्डेय (पत्रकार) सहित कई गणमान्य कॉग्रेस नेता उपस्थित रहे । डॉ. हार्डीकर को याद करते हुए राकेश शेट्टी ने कहा कि वे उच्च शिक्षित डॉ. (सर्जन)थे। स्वतंत्रता आंदोलन में वे म. गाँधी जी एवं पं. नेहरू के सानिध्य में कूद पड़े। जेल गये। हिंदुस्तान सेवादल की स्थापना उनके नेतृत्व

में की गयी। जो स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कांग्रेस सेवादल में परिवर्तित हो गयी। और कॉग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी के रूप में आज भी कार्य कर रही है। कांग्रेस को मजबूती प्रदान कर रही है। ऐसे महान सपूत, स्वतंत्रता सेनानी डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि पर सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान किया।

## फेस्टिव सीजन में हाउसिंग सेक्टर को मिलेगा बिग बूस्ट

**मुंबई।** फेस्टिव कैलेंडर गणेश उत्सव से शुरू होकर नवरात्रि और दिवाली तक हमेशा से भारत के हाउसिंग मार्केट में सबसे बड़ा डिमांड ड्राइवर रहा है, जो अक्सर वार्षिक बिक्री का लगभग एक-तिहाई योगदान देता है। आरईए इंडिया (हाऊसिंग डॉटकॉम ) के सीईओ प्रवीण शर्मा ने बताया कि 2025 की पहली छमाही अपेक्षाकृत संतुलित रही है, लेकिन हम इस फेस्टिव सीजन में नए उत्साह के साथ प्रवेश कर रहे हैं। डेवलपर्स आकर्षक ऑफर्स के साथ बड़े प्रोजेक्ट लॉन्च करने की तैयारी में हैं, वहीं खरीदार भी अपने खरीद निर्णयों पर आगे बढ़ाने को तैयार हैं। इस सीजन को और खास बनाता है कई सकारात्मक कारकों का मेल–मिड और प्रीमियम सेगमेंट में स्थिर मांग, उपभोक्ता विश्वास में सुधार, और लाइफस्टाइल-ड्रिवन हाउसिंग पर बढ़ता ध्यान। हमें विश्वास है कि 2025 की चौथी तिमाही न केवल मौसमी सुधार लाएगी, बल्कि 2026 में प्रवेश करते हुए सेक्टर की ग्रोथ मोमेंटम को भी रीसेट कर सकती है। हाऊसिंग डॉटकॉम के आउटलुक के अनुसार भारत का हाउसिंग मार्केट 2025 की पहली छमाही (द1 और द2) में अपेक्षाकृत धीमा रहा है, क्योंकि दो साल की मजबूत वृद्धि के बाद सेक्टर एक करेक्शन फेज से गुजर रहा है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# लाइन बाजार पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले जामाताड़ा गैंग के तीन शातिरों को किया गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना लाइन बाजार पुलिस टीम साइबर ठगी करने वाले जामाताड़ा गैंग के तीन शातिर अर्न्तप्रान्तीय अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से एक लैपटाप, चार मोबाइल, पाँच बैंक पासबुक, नौ ,बैंक एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड, जामा तलाशी 9550/- रुपया नकद बरामद।क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर के दिशा में उ0नि0 ईशचन्द यादव मय हमराह द्वारा साइबर ठगी करने वाले जामाताड़ा गैंग के तीन नफर शातिर अर्न्तप्रान्तीय अपराधी को आज दिनांक-29.08.2025 को साइबर ठगी से प्राप्त पैसे व साइबर ठगी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण के साथ समय- 02.45 बजे सिटी स्टेशन के बाहर दक्षिणा होटल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक- 29.08.2025 को देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित/ वारण्टी व अपराधियों की गिरफ्तारी व रात्रि गस्त के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर साइबर ठगी करने वाले जामाताड़ा गैंग के तीन शातिर अर्न्तप्रान्तीय आरोपीगण को साइबर ठगी से प्राप्त पैसे व साइबर ठगी में प्रयुक्त होने



वाले उपकरण के साथ गिरफ्तार कर। उ0नि0 ईशचन्द यादव द्वारा दाखिला तहरीर पर मु0अ0स0-338/25 धारा-319,318, 338, 336, 340,111बीएनएस व 66डी आई0टी0 एक्ट थाना लाइन बाजार,जौनपुर बनाम अर्न्तप्रान्तीय आनन्द सिंह पुत्र परमानन्द सिंह निवासी ग्राम मंजौर थाना वारिसअली गंज जनपद नेवादा,बिहार जितेंद्र कनौजिया पुत्र शेखू कनौजिया निवासी भंडेरी थाना केराकत जनपद जौनपुर मो0 सहीम पुत्र रिजवान शेख निवासी बरहीं नेवादा थाना फूलपुर जनपद वाराणसी के पंजीकृत हुआ है।

गिरफ्तारी का विवरण-दिनांक- 29.08.2025 को देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित/वारण्टी व अपराधियों की गिरफ्तारी व रात्रि गस्त के दौरान साइबर ठगी करने वाले जामाताड़ा गैंग के तीन शातिर अर्न्तप्रान्तीय आरोपीगण को साइबर ठगी से प्राप्त पैसे व साइबर ठगी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण के साथ गिरफ्तार के साथ गिरफ्तार कर उ0नि0 ईशचन्द यादव मय हमराह द्वारा साइबर ठगी की योजना बनाने की बात कर रहे थे, जिसे पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर पकड़ लिया गया।

# प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मृतक के परिजनों से मिला एआईएमआईएम का डेलिगेशन

## मछलीशहर पड़ाव करंट हादसा

जौनपुर( (उत्तरशक्ति)। बीते दिनों शहर के मछलीशहर पड़ाव पर हुई दर्दनाक घटना में मृतक के परिजनों से एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने मुलाकात कर सांत्वना दी। प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली पहले धटना स्थल मछलीशहर पड़ाव पर पहुंचे। उसके बाद शाही ईदगाह स्थित मृतक समीर के ननिहाल पर समीर के पिता व दादा से मुलाकात कर ढांढस दिया तथा हर संभव मदद का विश्वास दिलाया। इसके उपरांत शौकत अली मृतक बैट्री रिक्शा चालक शिवा गौतम व प्राची मिश्रा के घर पहुँच कर परिवार के लोगों से मुलाकात कर सांत्वना दी। इस मौके पर शौकत अली ने कहा कि जौनपुर में हुई दर्दनाक घटना नगर पालिका व बिजली विभाग की लापरवाही है। और इस लापरवाही का ज़िम्मेदार सिर्फ नगर पालिका परिषद व विधुत विभाग के अवर अभियंता ही नहीं बल्कि उच्च अधिकारी व शासन में बैठे हर वो शख्स है जो अपनी



जिम्मेदारी एसी में बैठ कर निभाना चाहते है धरातल पर नहीं आते। ये दुर्वयवस्था सिर्फ जौनपुर में नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में है। उन्होंने माँग किया कि मृतक के परिवार को पचास लाख की आर्थिक सहायता तथा परिवार के किसी एक आश्रित व्यक्ति को सरकारी नौकरी तथा मृतक समीर व शिवा गौतम को वीरता पुरस्कार दिया जाए। वही जिलाध्यक्ष इमरान बंटी ने कहा कि पिछले माह सड़क की दुर्वयवस्था को लेकर पार्टी द्वारा जिला प्रशासन को अवगत करवाया गया था और उससे पूर्व खुटहन थाना अंतर्गत हाई टेंसन तार की चपेट में आने से दो युवको की मौत के बाद जिला प्रशासन से अनुरोध किया गया था कि बिजली के तार की समस्या को दुरुस्त करवाया जाए।परन्तु जिला प्रशासन ने इन मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया। प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने शिवा गौतम की पत्नी को पार्टी की तरफ से पचास हजार की आर्थिक सहायता के तौर पर एक चेक प्रदान किया। इस मौके पर जावेद सिद्दीकी, इसरार अहमद, सैयद मुंतज़िर सरफराज खान, शेर अली, कैश, अतीक, इरशाद अहमद, राशिद, मुस्ताक हासमी, सलाउद्दीन, सेराज सिद्दीकी, मेराज अहमद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सरायख्वाजा पुलिस ने चोरी गये रोटावेटर को 24 घण्टे के अन्दर किया बरामद, 3 गिरफ्तार



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रभारी निरीक्षक सरायख्वाजा के नेतृत्व में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम दिनांक 29/08/2025 को थाना सरायख्वाजा पर पंजीकृत मु0अ0स0-504/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित आरोपियों को मुखबीर खास की सूचना पर शिकारपुर रोड से मय रोटावेटर के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनका नाम जीतेन्द्र उर्फ वीरू यादव पुत्र राजनाथ यादव निवासी पतहना थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर, आकाश यादव पुत्र स्व0 पवन कुमार ग्राम पतहना थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर ,लालू यादव पुत्र मनोज यादव निवासी जलालपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर है, उपरोक्त आरोपीगण से सख्ती से पूछताछ करने पर एक स्वर मे बताये कि साहब हम लोग इसी ट्रैक्टर से दि0 23/8/25 को रोटावेटर पतहना ग्राम से चोरी किये थे जिसे आज हम लोग खुटहन बेचने के लिए जा रहे थे, आरोपीगण को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# इंस्टाग्राम पर आत्महत्या की पोस्ट डालने वाले युवक की थाना सुरेरी पुलिस ने बचाई जान

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना सुरेरी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इंस्टाग्राम पर आत्महत्या संबंधी वीडियो पोस्ट करने वाले युवक की जान बचा ली। मामला 29 अगस्त 2025 का है, जब युवक द्वारा आत्महत्या की पोस्ट सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर डाली गई। मेटा कंपनी से अलर्ट मिलने पर पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग), लखनऊ व सोशल मीडिया सेल जौनपुर द्वारा युवक की लोकेशन व मोबाइल नंबर थाना सुरेरी को उपलब्ध कराया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुरेरी राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक भगवान यादव तत्काल युवक के घर पहुंचे और समय रहते उसकी जान बचाई। इसके बाद युवक की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान युवक ने बताया कि वह प्रेम प्रसंग में विफल होने के कारण तनावग्रस्त होकर पोस्ट डाल बैठा था। युवक को परिजनों के सुपुर्द कर हिदायत दी गई कि भविष्य में ऐसी हरकत न हो। युवक ने भी लिखित व मौखिक रूप से वादा किया कि वह दोबारा ऐसा कदम नहीं उठाएगा। परिजनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए आभार जताया। पुलिस टीम में प्र0नि0 राजेश कुमार मिश्र, थाना सुरेरी, उ0नि0 भगवान यादव, थाना सुरेरी शामिल रहे।

## मछलीशहर पड़ाव कांड में दो कर्मचारियों पर गिरी गाज

# कार्य में लापरवाही पर मेठ संतोष शुक्ला एवं सफाई नायक अरविंद सिंह निलंबित

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर पालिका परिषद, जौनपुर के अधिशासी अधिकारी ने 25 अगस्त 2025 को मछलीशहर पड़ाव पर हुई घटना का संज्ञान लेते हुए मेठ संतोष शुक्ला और क्षेत्रीय सफाई नायक अरविंद सिंह को निलंबित कर दिया है। दोनों कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन उनकी ओर से दी गई आख्या असंतोषजनक और निराधार पाई गई। प्राप्त तथ्यों के अनुसार, कार्य संचालन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई। जिसके फलस्वरूप यह सख्त कार्रवाई की गई है। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह निलंबन कर्तव्यों की उपेक्षा और कार्य में गंभीर लापरवाही के कारण किया गया है। इसके अतिरिक्त, सफाई नायक प्रमोद को उनके पूर्व निर्धारित कार्यक्षेत्र के साथ-साथ मंडी अहमद खान वार्ड का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

# मछलीशहर पड़ाव हादसे में प्राची मिश्रा के निधन पर मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज परिवार शोकाकुल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के मछलीशहर पड़ाव पर करंट प्रवाहित सीवर में हुए दर्दनाक हादसे में तीन निर्दोष लोगों की असमय मृत्यु हो गई। इस हृदयविदारक दुर्घटना में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की पूर्व स्वयंसेविका स्व. प्राची मिश्रा भी असमय काल-कवलित हो गईं।



इस दुःखद समाचार से संपूर्ण कॉलेज परिवार शोक-संतप्त है। प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं संग दिवंगत प्राची मिश्रा के आवास पहुँचकर परिजनों से भेंट की और गहरी संवेदना प्रकट की।

कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि स्व. प्राची मिश्रा एक अनुशासित, संवेदनशील और समर्पित स्वयंसेविका रहीं स्व.प्राची कॉलेज परिसर में सेवा, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण की अमूल्य छाप छोड़ी। वृक्षारोपण अभियान में उनकी विशेष भूमिका आज भी कॉलेज प्रांगण में हरियाली के रूप में जीवित है और सदा उनकी स्मृति का प्रतीक बनी रहेगी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी ने प्रार्थना की कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति और शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। साथ ही कॉलेज परिवार ने कहा कि यह हादसा प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी की पुनरावृत्ति न हो।

इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आर.पी.सिंह, डॉ.नीलेश सिंह, डॉ. विवेक विक्रम सिंह, डॉ. ममता सिंह,डॉ. प्रेमलता गिरी, अहमद अब्बास खान, राजन पांडे, सुमित सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएँ उपस्थित रहीं।

# लपरी बाजार में सड़क हादसा, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**सुशील कुमार गुप्ता**, सरायख्वाजा,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी बाजार में गुरुवार दोपहर दो दो पहिया वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में लपरी गांव निवासी 24 वर्षीय मोहम्मद आमिर की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि कुकडीपुर निवासी रामजी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल का इलाज जारी है। वही मोहम्मद आमिर घर के इकलौते सहारे थे, जिनकी मौत से परिवार व गांव में मातम छाया हुआ है।



# बदलापुर में गड्ढे में मिली विवाहिता की लाश

बदलापुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के दढ़वा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों ने लगभग 30 वर्षीय महिला का शव देखा, यह लाश कृष्णा डेयरी के सामने पूर्व विधायक बाबा दूबे के खाली पड़े खेत के बगल एक छोटे से गड्ढे के जल जमाव में देखी गई। जिसकी सूचना वहां के ग्रामीण पुलिस को दिए, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही सुरु कर दी है। महिला की पहचान व मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया था। लोगों के मुख से तरह तरह की बाते सुनने को मिल रही थी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप और सनसनी का माहौल बना हुआ है।



# अनुशासन और आत्मविश्वास के लिए खेल जरूरी: कुलपति

## खेल दिवस पर सद्भावना दौड़, मेजर ध्यानचंद को नमन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन के अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी मजबूत करता है। जिस प्रकार खिलाड़ी मैदान में संघर्ष कर विजय प्राप्त करते हैं, उसी प्रकार हमें जीवन की चुनौतियों का सामना साहस और संयम के साथ करना चाहिए। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व का निर्माण करना भी है, और खेल इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद की स्मृति में यह आयोजन हमें खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संदेश देता है। इसके बाद सद्भावना दौड़ (Run for Unity) का आयोजन किया गया।




इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश सिंह ने किया। आयोजन में उप कुल सचिव अमृतलाल, सहायक कुलसचिव मुस्ताक अहमद एवं सरला यादव, अध्यक्ष कर्मचारी संघ नंद किशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, रजनीश सिंह, सत्येंद्र सिंह, दूधनाथ यादव, भानु प्रताप शर्मा, सिकंदर एवं पंधारी यादव सहित कोच विजय प्रकाश व अलका उपस्थित रहे।

# जौनपुर में धूमधाम से मनाया गया हजरत हम्जा चिश्ती का 550वां उर्स मुबारक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर के पचहटिया स्थित हजरत हम्जा चिश्ती (र0अ0) का सालाना 550 वां उर्स मुबारक शुक्रवार 29 अगस्त को विशेषरपुर स्थित दरगाह पर बड़ी ही पाकीजगी के साथ मनाया गया।जिसमे सर्वप्रथम गुस्ल मजार शरीफ सुबह 6:00 बजे हुआ जिसमे दरगाह कमेटी के अध्यक्ष शमशेर कुरैशी एवं कनवीनर अरशद कुरैशी ने सर्वप्रथम बाबा की मजार कर चादर चढ़ाई 9:00 बजे कुरान ख्वानी, सुबह 10:00 बजे जलसा सिरातुन्नबी जिसको मौलाना कयामुद्दीन ने बयान किया । मदरसा हनंफिया के मौलाना नसीम रजा जौनपुरी ने नात पढ़ी वहीं मौलाना शमसुद्दीन ने सभी धर्मों को मिलकर रहने की नसीहत दी बाद नमाज जोहर बाबा का लंगर चला जिसमे सभी जाएरीनो को निःशुल्क भोजन खिलाया गया एवं पत्रकार व समाजसेवी बंधुओ का सम्मान समारोह किया गया। शाम 4:00 बजे पुरानी रवायत के मुताबिक सेंट पैट्रिक स्कूल के सामने से जुलूसे चादर उठाई गई। जिसमें फन सिपहगरी के अखाड़े शामिल हुए। चादर हजरत हमजा चिश्ती रहमतुल्ला अलैह की दरगाह पर पहुंचने के उपरांत कुल शरीफ और चादरपोशी हुई। शाम को 7:00 बजे




कौमी एकजहती का आयोजन हुआ जिसमें बतौर मुख्य अथिति श्री गणपति पूजा महासमिति के अध्यक्ष रहे। जौनपुर ट्रस्ट एवं कमेटी के सभी पदाधिकारी शामिल हुए जिसमे संजीव यादव मुख्य ट्रस्टी ने कहा की इस तरह के आयोजन से समाज में एकता व भाईचारा का संदेश मिलता है। हजरत हम्जा चिश्ती र0 अ0 जिन्होंने सैकड़ो वर्ष पूर्व इस वीरान जंगल में अपना आशियाना बनाया और यही से मानवता और इंसानियत का संदेश दिया जिनके बताए रास्तों पर चल कर ही सही मायनों में खिराजे अकीदत पेश किया जा सकता है। उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ.हसीन बब्लू ने कहा की आज के इस मुकद्दस दिन पर इतनी बड़ी संख्या में जमे जायरीन इस बात की गवाही देते है। की उनको अपने बुजुर्गो से कितनी मुहब्बत करते है। उन्होंने कहा की इस तरह के जलसे लोगो में इंसानियत के जज्बे पैदा करते है। रात 9:00 बजे महफिले शमा का प्रोग्राम हुआ। जिसमें पगड़ी बंद कव्वाल शामिल होकर बाबा के दरगाह में अपनी हाजिरी लगाई, जो देर रात्रि लोगो को बांधे रखा। दरगाह कमेटी के कनवीनर अरशद कुरैशी ने आए हुए सभी मेहमानों,जाएरीनो, एवं जिला प्रशासन का इस्तकबाल करते हुए शुक्रिया अदा किया। उर्स को सकुशल संपन्न बनाने में पुलिस व महिला कांस्टेबल की तैनाती सराहनीय रही।

# खेल दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा खिलाड़ियों एवं नागरिकों को फिट इण्डिया की शपथ तथा हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया है कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में 29 अगस्त, 2025 को स्व0 मेजर ध्यानचन्द विश्व विख्यात हॉकी खिलाड़ी के जन्म दिवस को ह्लखेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस वर्ष खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में 29 अगस्त, 2025 को मेजर ध्यानचन्द को श्रद्धांजलि देने के साथ ही पूर्वान्ह 10.30 बजे हॉकी स्टेडियम विजयन्त खण्ड गोमती नगर, लखनऊ से ह्लमुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तर पर खेल दिवस सम्बन्धी कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर जौनपुर में लगायी गयी एल0ई0डी0 वॉल/टी0वी स्क्रीन द्वारा लाइव फिट इण्डिया की शपथ उपस्थित समस्त लोगों को दिलायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राज्यसभा श्रीमती सीमा द्विवेदी उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्यामबाबू यादव एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधिह्न करंजाकला सुनील यादव उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा क्रीड़ा अधिकारी द्वारा मेजर ध्यानचन्द के चित्र पर माल्यार्पण कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि का स्वागत क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह द्वारा बुके एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर किया गया। मुख्य अतिथि को विशिष्ट अतिथि द्वारा भी बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा अन्य जन प्रतिनिधियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। खेल दिवस के इस अवसर पर अतिथियों द्वारा अपने सम्बोधन में मेजर ध्यानचन्द के



गौरवमयी इतिहास की चर्चा करते हुए अपने खेल से देश के साथ ही विश्व पटल पर देश का नाम रौशन करने तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गयी। वर्तमान सरकार की खेल कल्याणकारी नीतियों एवं वर्तमान में स्टेडियम में कराये जा रहे निर्माण कार्यो के दृष्टिगत अधिकाधिक संख्या में खेलों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार का समापन एवं पुरस्कार वितरणह्न जिला पंचायत सदस्य श्यामबाबू यादव के कर-कमलों द्वारा किया गया। हॉकी का फाइनल मैच इन्दिरा गांधी स्टेडियम की टीम एवं जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैदपुर गड़ऊर के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम की टीम ने जयकरन पूर्व माध्यमिक की टीम को 3-1 से पराजित किया।मुख्य अतिथि द्वारा विजेता, उप विजेता टीमों के साथ ही निर्णायकों को भी पुरस्कृत किया गया। 30 अगस्त 2025 को जिला प्रशासन के सहयोग से जूनियर बालक खो-खो एवं जूनियर बालक एवं बालिका एथलेटिक्स की प्रतियोगिता (100, 200, 400, 800, 1500 मी0 रेस) का आयोजन प्रातः 8.00 बजे से किया जायेगा। 30 अगस्त 2025 की प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उ0प्र0 सरकार गिरीश चन्द्र यादव के कर-कमलों द्वारा किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों के साथ ही एथलेटिक्स के प्रत्येक इवेन्ट में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फिट इण्डिया मिशन के अन्तर्गत सन्डे ऑन साइकिलह्लह्ल का आयोजन 31 अगस्त 2025 को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम से वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर तक किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजकेशर पाल, ए0डी0ओ0 पंचायत करन्जाकला डॉ0 रामकृष्ण यादव के अतिरिक्त ग्राम प्रधान एवं गणमान्य व्यक्ति एवं नागरिक उपस्थित थे।






## भू-अभिलेखों को अद्यतन करने को 16 से 20 तक राजस्व महाअभियान

वकील प्रसाद

सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज सरकार की पॉलिसी है कि भूमि अभिलेखों को लेकर लोगों की परेशानी कम हो।जिसको लेकर अब हर घर तक राजस्व विभाग के कर्मी जमाबंदी पर्ची लेकर जा रहे हैं। राजस्व कर्मी भूस्वामियों के नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान जैसी कई अशुद्धियों को स्वयं दुरुस्त करेंगे। इसके लिए विभाग सुधार महाअभियान चला रहा है। महाराजगंज के डीसीएलआर अमन कुमार ने बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भूमि संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और जनता को जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। इस अभियान के अंतर्गत डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण एवं छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन किया जाना है। इसके लिए हल्का स्तर पर शिविर भी लगाकर कार्य को पूरा किया जाएगा। बताया जाता है कि महाभियान के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने इसकी सूचना कार्यान्वयन के लिए सभी जिला को इससे संबंधित पत्र भेजा है। इस राजस्व महाअभियान के तहत डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटियों का सुधार (परिमार्जन) छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन कराना, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा नामांतरण जैसे मामलों का समाधान भी किया जाएगा। इसके साथ ही नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान जैसी अशुद्धियों को ठीक किया जाएगा। साथ ही ऑफलाइन जमाबंदी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। रैयत की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम पर जमाबंदी कराई जाएगी। संयुक्त जमाबंदी के दे मौखिक बंटवारे के बावजूद अंशधारकों के नाम से अलग कि जमाबंदी सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक पंचायत के सरकारी या अन्य सरकारी भवन में हल्कावार विशेष शिविर लगाए जाएंगे। प्रत्येक हल्का में कम से कम 7 दिनों के अंतराल पर दो तिथियों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। लोगों को आवेदन पत्र भरने के लिए पर्याप्त समय मिल रहा है।

## दुर्लभ पांडुलिपियों से रोपवे तक, सीएम का दौरा बना धरोहर व विकास का संदेश

* दुर्लभ पांडुलिपियां भारतीय संस्कृति की आत्मा का प्रतिनिधित्व करती है : योगी आदित्यनाथ

* उत्तर प्रदेश सरकार संरक्षण कार्यों में हरसंभव सहयोग करेगी

काशी में योगी : संस्कृति का संरक्षण और आधुनिक विकास का संगम



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रवार का काशी दौरा परंपरा, विकास और संवेदनशीलता का अद्भुत संगम रहा। उन्होंने काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर धार्मिक आस्था का संदेश दिया। इसके बाद सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के अंतर्गत चल रहे दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण कार्य की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की यह अमूल्य धरोहर केवल काशी या उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार संरक्षण कार्यों में हरसंभव सहयोग करेगी। विश्वविद्यालय परिवार ने वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्तिवाचन के बीच मुख्यमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया। इस दौरान योगी ने सरस्वती भवन पुस्तकालय के अनुरक्षण कार्य का भी जायजा लिया और निर्देश दिए कि संरक्षण कार्य को गति दी जाए। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का तीसरी बार परिसर में आगमन देववाणी संस्कृत और विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दौरा एक संदेश देता है, विकास केवल सड़कों और भवनों से नहीं मापा जाता, बल्कि सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा भी उतनी ही अहम है। काशी जैसे प्राचीन नगर के लिए पांडुलिपियों का संरक्षण हमारी अस्मिता की रक्षा है, वहीं रोपवे जैसी परियोजना आने वाले दशकों में शहर को आधुनिक यातायात की नई पहचान देगी। योगी का यह संतुलित दृष्टिकोण बताता है कि सरकार धरोहर और विकास, दोनों मोर्चों पर गंभीर है। यही संतुलन काशी को न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक राजधानी बनाए रखेगा, बल्कि वैश्विक पर्यटन और आधुनिक शहरी ढांचे का आदर्श भी बना देगा।

तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने वाराणसी में निर्माणाधीन विश्व का तीसरा और भारत का पहला पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे का निरीक्षण किया। 645 करोड़ रुपये की लागत से बन रही यह परियोजना कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया तक 4.2 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसमें 220 केबल कारें होंगी, जिनमें से प्रत्येक में 10 यात्री बैठ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण और तीव्र गति से पूरा हो। यह परियोजना शहर के यातायात परिदृश्य को बदल देगी। श्रद्धालु और पर्यटक सीधे काशी विश्वनाथ मंदिर व दशाश्वमेध घाट तक आसानी से पहुँच सकेंगे।

बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात और संवेदनशीलता का भाव

मुख्यमंत्री योगी ने जे.पी. मेहता इंटर कॉलेज परिसर स्थित राहत शिविर में बाढ़ प्रभावित परिवारों से भी भेंट की। उन्होंने लगभग 25 लोगों को राहत सामग्री वितरित की और कहा कि राहत शिविरों में सभी आवश्यक सुविधाएँ प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएं। इस दौरान बच्चों से भी उनका आत्मीय संवाद हुआ। योगी ने छोटे-छोटे बच्चों को चॉकलेट दीं, तो उनके चेहरे खिल उठे। बच्चों ने हंसते हुए मुख्यमंत्री से पढ़ाई और भविष्य के सपनों को साझा किया। योगी ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि वे आगे चलकर परिवार और समाज का नाम रोशन करें।

वाराणसी रोपवे परियोजना

लागत : लगभग 645 करोड़ रुपये

दूरी : 4.2 किलोमीटर (कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया तक)

विशेषता : विश्व का तीसरा व भारत का पहला पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे

केबल कारें : 220 (प्रत्येक में 10 यात्री क्षमता)

ऊँचाई : 45 मीटर

लाभ : जाम से राहत, पर्यटन को बढ़ावा, श्रद्धालुओं की आसान पहुँच

दुर्लभ पांडुलिपियों का महत्व

भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का जीवंत प्रमाण

वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, ज्योतिष और दर्शन जैसे विषयों पर अद्वितीय सामग्री काशी स्थित राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन देशभर की धरोहर को संरक्षित कर रहा(

## महाराजगंज पूर्व प्रखंड अध्यक्ष के मूर्ति का पूर्व विधान सभा अध्यक्ष ने किया अनावरण



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज स्थानीय प्रखंड के टेघड़ा बाजार पर महाराजगंज प्रखंड के पूर्व राजद अध्यक्ष श्यामदेव राय के प्रथम पुण्यतिथि पर उनके मूर्ति का अनावरण बिहार विधान सभा के पूर्व विधान सभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी और सीवान के एमएलसी विनोद जायसवाल ने की। उक्त अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। स्वर्गीय श्याम देव यादव की प्रथम पुण्यतिथि सभा में तब्दील हो गई। मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने कहा कि श्याम देव राय राजद के संगठन के लिए सफलतापूर्वक 17 वर्षों तक कार्य किया। वे राजद के सच्चे सिपाही थे। वहीं एमएलसी विनोद जायसवाल ने कहा श्यामदेव राय राजद के प्रखंड अध्यक्ष होते हुए क्षेत्र के लोगों को बेहतर सेवा दी थी। जिसकी प्रशंसा आज भी लोग करते हैं, उनकी पुत्र वधू सुजाता यादव ने कहा घर परिवार को कम लेकिन समाज को बेहतर सेवा देने में उन्होंने अपनी जीवन गुजार दी। हार्ट अटैक से असामयिक उनकी मृत्यु हुई थी। आगे भी करते रहेंगे। सभा की अध्यक्षता प्रखंड युवा अध्यक्ष नागदेव यादव व संचालन प्रदेश रजत पूर्व सचिव अरविंद कुमार गुप्ता ने की। मौके पर राजद के प्रखंड अध्यक्ष आनंद महत्व, जिला परिषद के उपाध्यक्ष अजय माझी, रूपचंद यादव, विश्राम यादव मनोज यादव रमेश उपाध्याय मुखिया, आलोक कुमार सिंह, कन्हैया राय, गणेश राय, गणमान्य उपस्थित थे।

## पीएम को आपत्ति जनक बात बोलने पर बीजेपी ने राहुल गांधी का फूंका पुतला



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज में कांग्रेस और राजद नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी मां पर आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग के विरोध में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को महाराजगंज नगर के राजेंद्र चौक पर कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता से महागठबंधन के नेताओं में बेचैनी है। पुतला दहन में नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, अवधेश पांडेय, कामाख्या सिंह, उमाशंकर सिंह आलोक सिंह, अमरेंद्र कुमार राठौर, दिलीप कुमार सिंह, संजय सिंह राजपूत,राहुल सिंह, नेत्री सुप्रिया कुमारी, बलि प्रसाद, पातीराम सिंह, शेषनाथ सिंह, दरवेश कुमार, सुधीर कुमार सिंह, शिकु श्रीवास्तव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इमारत हादसा : 17 की मौत, मृतकों के परिजनों को 5 लाख की सहायता



विरार। विरार (पूर्व) के विजय नगर स्थित रमाबाई अपार्टमेंट में हुई इमारत दुर्घटना बेहद दुखद और दर्दनाक रही। इस हादसे में अब तक 17 निर्दोष नागरिकों की जान जा चुकी है। घटना के तुरंत बाद महाराष्ट्र राज्य के जल संसाधन एवं आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर वसई की विधायक स्नेहा दुबे पंडित भी उनके साथ मौजूद रहीं। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से ?5 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। वहीं, हादसे में घायल नागरिकों का पूरा इलाज सरकारी खर्च पर किया जाएगा। एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीम बीते 48 घंटे से लगातार बचाव एवं राहत कार्य में जुटी रही। अब तक 9 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। राहत कार्य अंतिम चरण में है।

इस मौके पर सांसद हेमन्त सावरा, नालासोपारा के विधायक राजन नायक, वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित, संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## डॉ. मदनलाल सैनी के नेतृत्व में आयुर्वेद चिकित्सकों ने अटर ऐप के विरोध में सौंपा ज्ञापन



झुंझुनूँ। उपनिदेशक कार्यालय झुंझुनूँ में आज आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ. मदनलाल सैनी के नेतृत्व में सभी चिकित्साधिकारियों ने अटर ऐप से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की अनिवार्य व्यवस्था का विरोध किया। चिकित्सकों ने उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग झुंझुनूँ को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह व्यवस्था अव्यावहारिक है और चिकित्सकों के नियमित कार्य में अनावश्यक बाधा डालती है। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई कि यदि इस आदेश को तुरंत प्रभाव से वापस नहीं लिया गया, तो चिकित्सक चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में जिलेभर से बड़ी संख्या में आयुर्वेद चिकित्सक उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर इस निर्णय का विरोध किया।

## डॉक्टर हेमंत सांवरा ने किया सांसद खेल महोत्सव की प्रेस कॉन्फ्रेंस



वसई विरार। वसई-विरार नगर निगम हॉल, विरार में डॉक्टर हेमंत सांवरा की अध्यक्षता में और वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित और नालासोपारा विधायक राजन नाइक और जिला प्रशासन अधिकारी, महानगर पालिका के अधिकारी की उपस्थिति में एक मीटिंग हुई जिसमें युवा शक्ति ही असली राष्ट्रीय शक्ति है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य महोत्सव की जानकारी देने के लिए आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस कॉन्फ्रेंस में महोत्सव के उद्देश्यों, कार्यक्रमों की रूपरेखा और युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। 21 सितंबर से 25 दिसंबर, 2025 तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। खेल के क्षेत्र में नए खिलाड़ियों को एक मंच मिलेगा और ₹फिटनेस, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता₹ के मूल्यों को बड़े पैमाने पर जागृत किया जाएगा। ग्रामीण से लेकर शहरी तक, सभी स्तरों के युवा एथलीटों को इससे नई प्रेरणा मिलेगी।आइए, खेलों के माध्यम से फिटनेस, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें और एक नए भारत के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लें।

## डॉ. मिक्की मेहता के डिजिटल होलिस्टिक हेल्थ प्लेटफॉर्म अंतर का लोकार्पण




मुंबई। देश के प्रख्यात हेल्थ गुरु डॉ. मिक्की मेहता के डिजिटल होलिस्टिक हेल्थ प्लेटफॉर्म अंतर का लोकार्पण शुक्रवार को चर्चगेट स्थित गरवारे क्लब में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने कहा कि अंतर परिवार की शुरूआत समाज में सामूहिक स्वास्थ्य और खुशहाली लाने की एक सराहनीय पहल है। उन्होंने बताया कि वह पिछले दस वर्षों से डॉ. मेहता को जानती हैं और उनके ज्ञान व मार्गदर्शन से हमेशा प्रेरित हुई हैं। अमृता फडणवीस ने यह भी उल्लेख किया कि उनके फाउंडेशन ह्यदिव्यज में भी डॉ. मेहता ने अहम योगदान दिया है। इस अवसर पर शेफ संजीव कपूर ने मिक्की मेहता की ईमानदारी और समर्पण को प्रेरणादायक बताया, वहीं अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने कहा कि वेलनेस और स्पिरिचुअलिटी के प्रति उनकी गहरी सोच है। द योगा इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर डॉ. हंसा योगेंद्र ने साझेदारी को सुखद अनुभव बताया।

डॉ. मिक्की मेहता ने कहा कि अंतर केवल एक प्लेटफॉर्म नहीं बल्कि एक मूवमेंट है, जो प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान को जोड़कर वेलनेस को आसान, समावेशी और सार्वभौमिक बनाएगा। समारोह में केकी मिस्त्री, भूषण गगरानी, डॉ. अली ईरानी, रयान फर्नांडो, डॉ. अदिति गोवित्रिकर, डॉ. मधु चोपड़ा, निशा जमवाल, सुनीता आहूजा, ऋषिकेश कन्नन, आदर्श गुप्ता सहित बॉलीवुड, वेलनेस, बिजनेस और पब्लिक सर्विस जगत की कई नामचीन हस्तियां उपस्थित रहीं।

## महाराष्ट्र में गणपति उत्सव पर भाजपा नेत्री रंजू झा ने किए विशेष दर्शन



मुंबई। महाराष्ट्र राज्य में लोकमान्य तिलक की प्रेरणा से शुरू हुआ गणपति उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी उत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश उत्तर भारतीय नेत्री श्रीमती रंजू झा (मुंबई, गोरेगांव) ने अपने परिवार और पार्टी नेताओं के घरों में आयोजित गणपति उत्सव में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आमदार एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती चित्रा ताई के निवास पर जाकर गणपति बाप्पा का दर्शन किया। साथ ही भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे के घर और कार्यालय में गणपति दर्शन किए। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्य मुकुंद कुलकर्णी के घर पर भी उन्होंने बप्पा का आशीर्वाद लिया। गणपति उत्सव के दौरान रंजू झा ने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने सभी गणपति मंडलों और परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए बप्पा से समाज में सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

## मछलीशहर पड़ाव हादसे के पीड़ित परिवारों के घर पहुंची सरकारी इमदाद, शासन-प्रशासन ने बंधाया ढांढस



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मछलीशहर पड़ाव तिराहे पर 25 अगस्त को हुई हृदय विदारक दुर्घटना में तीन युवाओं शिवा गौतम, प्राची मिश्रा और समीर की असमय मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को शोकसंतप्त कर दिया। इस दुखद हादसे के बाद शासन और प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए शुक्रवार की शाम पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दी और सहायता का आश्वासन दिया।

शासन आपके साथ है, हम हर कदम पर आपके साथ खड़े हैं। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तीनों दिवंगत जनों के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा, ₹यह बेहद कठिन समय है, लेकिन सरकार और पूरा प्रशासन आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। मुख्यमंत्री जी ने स्वयं इन मामलों को गंभीरता से लिया है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

शिवा गौतम के परिवार को मिला सरकारी सहयोग

कुल्हनामऊ निवासी दिवंगत ई-रिक्शा चालक शिवा गौतम के घर पहुंचकर उनके परिजनों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, विद्युत विभाग की अनुमन्य धनराशि (जो सीधे खाते में स्थानांतरित कर दी गई है), और समाज कल्याण विभाग के माध्यम से निराश्रित महिला पेंशन हेतु आवेदन की प्रक्रिया आरंभ कराई गई। साथ ही, पारिवारिक लाभ योजना, अंत्योदय राशन कार्ड तथा शिवा के बच्चों को बाल सेवा योजना का लाभ देने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मियांपुर निवासी प्राची मिश्रा के घर जाकर राज्यमंत्री, विधायक मड़ियाहूं डॉ. आर. के. पटेल, जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने लगभग डेढ़ घंटे तक परिवारजनों से संवाद किया। भावभीनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने आर्थिक सहायता के लिए बैंक विवरण प्राप्त किया, जिससे जल्द ही अनुमन्य धनराशि उनके खाते में स्थानांतरित की जा सके। इसके साथ ही परिवार को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई।

प्रयागराज निवासी समीर के परिवार को भी मिलेगा संपूर्ण सहयोग फूलपुर, प्रयागराज निवासी मृतक समीर के घर पहुंचकर अधिकारियों ने शोकाकुल परिजनों को आर्थिक सहायता का प्रमाण पत्र सौंपा और भावपूर्ण ढंग से ढांढस बंधाया। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष वर्मा को पत्र भेजकर परिवार को सभी आवश्यक सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने की अनुशंसा की गई है। इस त्रासदी ने तीन परिवारों की दुनिया उजाड़ दी, लेकिन शासन-प्रशासन की संवेदनशीलता ने यह संदेश भी दिया कि संकट की इस घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। सरकारी तंत्र की तत्परता और संवेदनशीलता ने न केवल पीड़ितों को राहत पहुंचाई, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि जीवन की इस विषम परिस्थिति में भी मानवता और कर्तव्य का भाव सर्वोपरि है।

## वसई विरार नगर निगम मुख्यालय में रमाबाई अपार्टमेंट दुर्घटना पर समीक्षा बैठक



विरार। विरार पूर्व स्थित रमाबाई अपार्टमेंट दुर्घटना की पृष्ठभूमि में आज वसई विरार नगर निगम मुख्यालय, विरार पश्चिम में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाराष्ट्र राज्य के वन मंत्री एवं पालघर जिले के संरक्षक मंत्री गणेश नाइक ने की। इस समीक्षा बैठक में दुर्घटना की गहन जाँच और उसके कारणों पर चर्चा की गई। साथ ही, भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस और प्रभावी सुरक्षा उपाय लागू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित, पालघर के सांसद हेमंत सावरा, नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजन नाइक, पालघर जिला कलेक्टर श्रीमती इंदुरानी जाखड़, वसई विरार नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक मनोज कुमार सूर्यवंशी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भवन निर्माण और संरचनात्मक सुरक्षा मानकों के सख्त पालन, आपातकालीन प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।



## वसई विरार में गणपति बप्पा का आगमन

वसई विरार। भारतीय जनता पार्टी वसई विरार जिला एस.सी. मोर्चा उपाध्यक्ष संदीप करोटिया के आवास पर इस वर्ष डेढ़ दिन के लिए गणपति बप्पा की स्थापना बड़े श्रद्धाभाव और उत्साह के साथ की गई। इस अवसर पर संदीप करोटिया के आमंत्रण पर मुंबई उत्तर शक्ति डेली न्यूज के संवाददाता नरेंद्र सोनी ने उपस्थित होकर बप्पा के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। गणपति बप्पा के पावन अवसर पर वसई शहर मंडल सर चिटनिस महिला मोर्चा श्रीमती कविता पाटिल ने भी आकर गणेशजी के दर्शन किए और आरती में सम्मिलित होकर बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। गणपति बप्पा के आगमन से वातावरण भक्तिमय बना रहा और सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर सामूहिक रूप से गणेशोत्सव की परंपरा को आगे बढ़ाया।

## एसबीआई कार्ड और फ्लिपकार्ट ने साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण साझेदारी की

मुंबई। भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर 'फ्लिपकार्ट एसबीआई क्रेडिट कार्ड' के लॉन्च की घोषणा की। ये इस तरह का पहला और अनोखा को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अध्यक्ष, श्री चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी और एसबीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अश्विनी कुमार तिवारी की मौजूदगी में लॉन्च किया गया। फ्लिपकार्ट एसबीआई कार्ड को बड़ी ही सावधानी से कैशबैक के फायदों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, ताकि ग्राहकों को उनकी ज्यादातर खरीदारी पर एक बेहतरीन अनुभव मिल सके। इस लॉन्च से जाहिर होता है कि, एसबीआई कार्ड और फ्लिपकार्ट ग्राहकों को ज्यादा फायदा, सुविधा और क्रेडिट की सुविधा देकर उनके खरीदारी के सफर को और बेहतर बनाने की कोशिश में लगातार जुटे हैं। ग्राहक फ्लिपकार्ट ऐप और एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के जरिए, या फिर एसबीआई कार्ड की वेबसाइट SBI COrd.com पर जाकर डिजिटल तरीके से इस क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।


Dr
SRS HOSPITAL & TRAUMA CENTRE
एस.आर.एस.
हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
डा. अभय प्रताप सिंह
MBBS (KGMU), DNB(Ortho), MS (Ortho)
UCN, FIJR (Germany), MNAMS
आर्थोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट
रिप्लेसमेन्ट आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. आनन्द त्रिपाठी
MBBS, MD, DM (Neuro)
न्यूरो फिजिशियन
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. निदा सलाम
CGO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. अरविन्द कुमार अग्रहरि
MBBS, MS, MCH (Neuro)
न्यूरो सर्जन
विजिटिंग/ऑन काल
डा. एस.के. मिश्र
MBBS, MS (General Surgeon)
जनरल सर्जरी
विजिटिंग/ऑन काल
डा. चंचला मिश्रा
MBBS, MS (Obs & Gyn.)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
डा. राजेश त्रिपाठी
MBBS, MD (Anesthisia)
एनेस्थिसिया रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
7355 358194
05452- 356555
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर के सामने (पेट्रोल पम्प के बगल में) नईगंज तिराहा, जौनपुर


BAJAJ
ए. एम. बजाज
मो. अशहद
अब्दुल माजिद
मानी कलां, गुरैनी रोड, जौनपुर- 222139
9621032024, 9651316060, 9621139686


AMIR TRAVELS
Hajj & Umrah Services
DOMESTIC & INTERNATIONAL
AIR TICKETS
Visit Visa, Holiday Tour Packages, Waqala Delhi & Mumbai Gamca & Medical Services
Emigration, Visa Stamping, Currency Exchange, Money Transfer
TV
मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
NEWS
Withdrawal & Deposit Money From All (atm & Adhar Services)
Passport, Pan Card & Driving License Services
Common Services Center (csc) & Sahaj Jan Seva
Kendra Related Services
7860303530, 9616636079
प्रो0- मो0 आसिफ सिद्दीकी संवाददाता गुरैनी, मानीकलां
सह- संपादक
डॉ. इम्तियाज अहमद सिद्दीकी (उर्फ़ बाबू भाई ) उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक, जौनपुर-लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
निकट- नसीराबाद चौक, पूर्व प्रधान नेयाज़ अहमद कटरा, मानीकलां, जौनपुर (उ0. प्र0)